हजारों लोगों के लिए विशाल पंडाल का निर्माण

मर्यादा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

लोगों के लिए बसाए गये हैं अस्थाई नगर

बीदासर 29 जनवरी, 2009।

तेरापंथ धर्मसंघ के दशमाधि-ाास्ता राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाप्रज्ञ, युवाचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य में 31 जनवरी एवं 1, 2 फरवरी को कस्बे के अहिंसा नगर में आयोजित होने वाले विराट मर्यादा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। इस महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए 500 से भी ज्यादा ज्यादा साधु-साध्वियां पहुंच चुके हैं।

पत्रकारों से विशेष बातचीत के दौरान आचार्य महाप्रज्ञ के शिष्य मुनि जयंतकुमार ने बताया कि मर्यादा का महोत्सव मनाने वाला तेरापंथ धर्मसंघ विश्व का एकमात्र धर्मसंघ है। यह तेरापंथ का महाकुंभ है। उन्होंने बताया कि तेरापंथ के आद्य प्रवर्तक आचार्य भिक्षु द्वारा 250 वर्ष पूर्व लिखित मर्यादा पत्र के आधार पर चतुर्थ आचार्य श्रीमद् जयाचार्य ने मर्यादा महोत्सव का शुभारंभ 144 वर्ष पूर्व माद्य शुक्ला 7 के दिन किया था। तब से इसका आयोजन विराट स्तर पर किया जाता है।

उन्होंने बताया कि त्रिदिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन 250 वर्ष पूर्व हस्त लिखित मर्यादा पत्र की स्थापना के साथ वृद्ध साधु-साध्वियों के सेवा केन्द्रों पर नवीन साधु-साध्वियों की नियुक्तियां की जायेगी और धर्मसंघ की वि-ोष सेवा करने वालों को प्रोत्साहित किया जायेगा। दूसरे दिन आचार्य महाप्रज्ञ का 15वां पदाभिषेक समारोह आयोजित होगा। जिसमें सम्पूर्ण धर्मसंघ के द्वारा विभिन्न तरीकों से वर्धापना की जायेगी और आचार्यप्रवर के व्यक्तित्व औतत्व पर प्रका-ा डाला जायेगा। तीसरे दिन आचार्य महाप्रज्ञ का संघ के नाम संदेश होगा और सम्पूर्ण देश में विचरण करने वाले आचार्य प्रवर के शिष्य-ि‍ष्याओं के चतुर्मास की घोषणा आचार्य महाप्रज्ञ करेंगे। इसके साथ ही आचार्य महाप्रज्ञ के द्वारा मर्यादा महोत्सव पर रचित नवीन गीत का संगान किया जायेगा। मुनि जयंत के अनुसार तीनों ही दिनों युवाचार्य श्री महाश्रमण, साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा, मुख्य नियोजिका साध्वी विश्रुत विभा समेत अनेक साधु-साध्वियों के विशेष वक्तव्य होंगे।

लोगों के लिए अस्थायी नगर

आचार्य श्री महाप्रज्ञ मर्यादा महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्री बाबूलाल सेखानी ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में पहुंचने वालों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि महावीर नगर, तुलसी नगर एवं अहिंसा नगर में दो रूम एवं किचन सहित सर्व सुविधायुक्त कुटिरों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा एक रूम किचन एवं केवल एक रूम के कुटिर भी बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि इन कुटिरों में रहने के लिए सैकड़ो परिवार आ चुके हैं और अभी हजारों लोगों के आने की संभावना है। उनके लिए उचित व्यवस्था की गई है।

विशाल पण्डाल का निर्माण

प्रचार-प्रसार संयोजक श्री महावीर दूगड़ ने बताया कि मर्यादा महोत्सव के त्रिदिवसीय कार्यक्रम में विशाल पंडाल का निर्माण हो रहा है। इस पंडाल में साधु-साध्वियों, समण-समणियां एवं मुख्य अतिथियों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम के कवरेज हेतु मीडिया कर्मियों को विशेष पास दिये जायेंगे। 2 फरवरी के मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संस्कार चैनल पर किया जायेगा। उससे पूर्व के दो दिनों कि झलकियां 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे से दिखाई जायेगी। महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग बैठने की व्यवस्था की गई है।

- अशोक सियोल